# युवाओं के लिए कोविड-19 के टीके

## युवाओं के बीच काम करने वाले समुदाय-आधारित संगठनों के लिए सहमति को समझना

Vaccinate WA
CovidVaccineWA.org

Washington State Department of Health(वाशिंगटन राज्य स्वास्थ्य विभाग) की अनुशंसा है कि 6 महीने वर्ष और उससे ऊपर के सभी लोग वैक्सीन लगवाएं। Washington राज्य के कानून के तहत कई प्रकार की सहमतियां वैध हैं, फिर भी टीका प्रदाताओं के लिए, युवाओं को टीका लगाने के लिए माता-पिता/अभिभावक की सहमति की आवश्यकता होती है। इसमें उन सहमति दस्तावेज़ों के प्रकारों का ज़िक्र किया गया है जिनकी राज्य के कानून के तहत अनुमति है। साथ ही, यह भी कि आपका संगठन कोविड-19 से बचाव का टीका लगवाने में युवाओं (विशेष तौर पर बेघर युवाओं) की मदद कैसे कर सकता है।

### वयस्क, जो युवा के लिए सहमति दे सकते हैं:



- माता-पिता
- अभिभावक या कानूनी संरक्षक
- किसी बच्चे के लिए बाहरी प्लेसमेंट में चिकित्सा देखभाल के लिए उसे पालने वाले माता-पिता या सहमति देने के लिए अदालत द्वारा अधिकृत कोई अन्य व्यक्ति [अध्याय 13.32A या 13.34 Revised Code of Washington (RCW, वाशिंगटन की संशोधित संहिता)]
- ऐसा व्यक्ति जिसे उनकी ओर से स्वास्थ्य संबंधी देखभाल के फैसले लेने के लिए हस्ताक्षर सहित अधिकृत किया गया हो
- उनकी स्वास्थ्य संबंधी देखभाल के ज़िम्मेदार कोई रिश्तेदार
- स्कूल नर्स, काउंसलर, या बेघर आश्रय (फेडरल McKinney-Vento Homeless Education Act के तहत बेघर के रूप में परिभाषित युवाओं के लिए)*

### युवा अपने लिए खुद भी सहमति दे सकते हैं, अगर:



- **वे माता-पिता के बिना फैसला लेने का कानूनी अधिकार रखते हैं** वे 16 साल या उससे अधिक उम्र के हैं और उन्होंने माता-पिता से मुक्ति की अर्जी दी है और वह स्वीकृत हो चुकी है।
- **वे कानूनी रूप से मुक्त नाबालिग या वयस्क के साथ शादीशुदा हैं।**
- **प्रदाता निर्धारित करता है कि वे** Mature Minor Doctrine (परिपक्व नाबालिग सिद्धांत) के तहत परिपक्व नाबालिग हैं।**

### *McKinney-Vento का उपयोग करके सहमति देने के बारे में अधिक जानकारी:

राज्य के कानून के तहत, स्कूल नर्स, स्कूल काउंसलर, और बेघर छात्र आश्रय, किसी बेघर युवा या व्यस्क युवा के टीकाकरण की सहमति देने के लिए अधिकृत हैं (जैसा कि फेडरल McKinney-Vento homeless education act – केवल अंग्रेज़ी) के तहत परिभाषित किया गया है - जो माता-पिता या अभिभावक की शारीरिक अभिरक्षा में नहीं है।

**संसाधन का लिंक:** National Center for Homeless Education, *बेघर अनुभव करने वाले संगहीन छात्रों की शिक्षा का समर्थन कर रहा है,* https://nche.ed.gov/wp-content/uploads/2018/10/youth.pdf - केवल अंग्रेज़ी

### **Mature Minor Doctrine के बारे में अधिक जानकारी:

कुछ प्रदाता नाबालिगों को "Mature Minor Doctrine" के तहत वैध सहमति देने की अनुमति देते हैं, यदि वे चिकित्सक प्रक्रिया के परिणामों को समझने या उनकी सराहना करने में सक्षम हैं।

यह निर्धारित करने के लिए कि क्या रोगी एक परिपक्व नाबालिग है, प्रदाता नाबालिग की उम्र, बुद्धि, परिपक्वता, प्रशिक्षण, अनुभव, वित्तीय स्वतंत्रता या उसके अभाव, एक वयस्क के रूप में सामान्य आचरण और माता-पिता के नियंत्रण से मुक्ति का आकलन करेंगे।

## प्रदाता कई अलग-अलग तरीकों से सहमति स्वीकार करते हैं।

- मौखिक सहमति (फोन पर या व्यक्तिगत रूप से)
- लिखित सहमति (एक फॉर्म)
- कुछ को लिखित और मौखिक दोनों तरीके से सहमति की आवश्यकता होती है।
- उनके लिए सहमति प्रदान करने वाले वयस्क से व्यक्तिगत सहमति।

### युवाओं को टीका लगवाने में कैसे मदद करें

- ◻ **Vaccine Locator (टीकाकरण का स्थान खोजने वाला) (vaccinelocator.doh.wa.gov) पर फ़िल्टरिंग विकल्पों का उपयोग करें या प्रदाता को कॉल करके जानें कि प्रदाता किस प्रकार की सहमति स्वीकार करता है।** Vaccine Locator पर युवाओं के अनुकूल फ़िल्टरिंग विकल्प आपको और युवाओं को एक ऐसा स्थान खोजने में मदद करेंगे जो उस तरह की सहमति स्वीकार करता हो, जो युवा प्रदान कर सकते हैं।अपॉइंटमेंट की तैयारी से संबंधित सुझावों के लिए नीचे "युवाओं को उस तरह की सहमति के लिए तैयार करने में मदद करें जो उन्हें प्रदान करने की आवश्यकता है" देखें।
- ◻ **ऐसे टीकाकरण स्थानों को खोजें जो वॉक-इन स्वीकार करते हैं या कॉल द्वारा अपॉइंटमेंट लेने का विकल्प देते हैं।** कई प्रदाता ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने के लिए माता-पिता या अभिभावक की सहमति मांगते हैं।
- ◻ **सहमति के संबंध में स्कूलों से जुड़ें।** आप जिस युवा व्यक्ति के साथ काम कर रहे हैं, यदि वह McKinney-Vento (अधिक जानकारी के लिए आगे देखें) के मानदंडों को पूरा करता है, तो आप सहमति देने के लिए स्कूल नर्स, स्कूल काउंसलर या बेघर छात्र आश्रय के साथ काम कर सकते हैं। कुछ प्रदाताओं की आवश्यकता होती है कि टीकाकरण के दौरान कोई वयस्क मौजूद हो। यह तय करने के लिए निर्धारित समय से पहले स्कूल स्टाफ से जानकारी प्राप्त करें कि छात्रों के अपॉइंटमेंट के दौरान उनके साथ कौन जा सकेगा।
- ◻ **अपने स्वयं के मोबाइल टीकाकरण कार्यक्रम की मेजबानी करें या युवाओं को मौजूदा क्लिनिक में भेजें।**
  - ◻ Care-A-Van कार्यक्रम के लिए अनुरोध करें – केवल अंग्रेज़ी। WA State Department of Health Care-A-Van (doh.wa.gov/CareAVan) आपके लिए टीके ला सकती है। मेजबानी करने वाले योग्य सामुदायिक संगठनों के लिए फंड उपलब्ध है। Care-A-Van दस्तावेज़ के अगले हिस्से में दी गई सभी प्रकार की सहमति को स्वीकार करती है, जिसमें परिपक्व नाबालिगों की सहमति भी शामिल है।
- ◻ **युवाओं को उस तरह की सहमति के लिए तैयार करने में मदद करें, जो उन्हें प्रदान करने की आवश्यकता है:**
  - ◻ यदि युवा की अपॉइंटमेंट पर, किसी वयस्क को उपस्थित होने की आवश्यकता है, तो उनके साथ तालमेल बिठाएं।
  - ◻ यदि प्रदाता लिखित सहमति स्वीकार करता है, तो फॉर्म का प्रिंट लेने और हस्ताक्षर करने में युवाओं की मदद करें।
  - ◻ यदि वे एक मुक्त नाबालिग हैं या एक ऐसे नाबालिग हैं जिनका विवाह मुक्त नाबालिग या वयस्क से हुआ है, तो उन्हें उचित दस्तावेज़ एकत्र करने में सहायता करें।
  - ◻ यदि वे McKinney-Vento का उपयोग करके सहमति प्राप्त कर रहे हैं, तो सूचित सहमति अधिनियम की एक कॉपी लाएं: RCW 7.70.065- केवल अंग्रेज़ी और स्कूलों के लिए विशेष भाग को हाइलाइट करें। (कानून से संबंधित लिंक: https://app.leg.wa.gov/RCW/default.aspx?cite=7.70.065)
  - ◻ अगर वे Mature Minor Doctrine के माध्यम से सहमति मांग रहे हैं, तो उन्हें ऐसे दस्तावेज़ और जानकारी तैयार करने में मदद करें जिनके द्वारा यह साबित हो कि वे अपने माता-पिता से मुक्त हैं। यह सभी प्रदाताओं के लिए आवश्यक नहीं है, लेकिन मदद कर सकता है। कुछ प्रदाता ऑनसाइट परिपक्व नाबालिग निर्धारण नहीं करते हैं, लेकिन पिछले प्रदाताओं से परिपक्व नाबालिग निर्धारण स्वीकार करते हैं।


किसी दूसरे फॉर्मेट में इस दस्तावेज़ को पाने का अनुरोध करने के लिए, call 1-800-525-0127। बधिर या ऊंचा सुनने वाले ग्राहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या civil.rights@doh.wa.gov पर ईमेल करें।